# अवैध शराब पर विस में घेरा

## पुलिस के नशा मुक्ति को जहां गिनीज बुक में मिला स्थान तो विधायक अवैध शराब बिक्री से हैं परेशान

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अगस्त. नरयावली विधानसभा क्षेत्र में लगातार अवैध शराब विक्रय को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से सूचित करने के बाद अब स्थानीय विधायक प्रदीप लारिया ने यह मुद्दा विधानसभा में भी उठा दिया है. एक ओर जहां पुलिस प्रशासन पूरे प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान को लेकर गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करा चुकी है तो वहीं अपने विस क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय को लेकर विधायक परेशान हैं.**

उल्लेखनीय है कि नरयावली विधानसभा क्षेत्र के गांवों और विशेषकर मकरोनिया क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब विक्रय की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं. इसे लेकर पिछले माहों के दौरान स्थानीय विधायक श्री लारिया द्वारा पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से मुलाकात कर इस मामले में शिकायतें भी कई बार दर्ज कराई जा चुकी हैं.

उल्लेखनीय है कि पिछले माह से डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देश पर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा भी जिले में गांव-गांव नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. लेकिन अवैध शराब विक्रय पर कोई रोक नहीं लग सकी. जिला एवं पुलिस प्रशासन से शिकायत के बावजूद भी जब नरयावली क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय सतत जारी रहा तो आज विधानसभा में विधायक श्री लारिया द्वारा इस संबंध में प्रश्नकाल के दौरान यह मामला उठाया.

जिसमें उन्होने जानना चाहा कि अप्रैल से आज तक इस संबंध में कब-कब कार्रवाई की गई और अवैध शराब विक्रय को रोकने के लिए विभाग की योजना क्या है और पिछले एक वर्ष के दौरान कितने प्रकरण दर्ज किए गए एवं कितनों में आरोपियों को सजा या दंड मिला है. उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के सानौधा सहित मकरोनिया इलाके में अवैध शराब विक्रय को लेकर कतिपय ठेकेदार के गुर्गो के बीच खूनी झड़प भी हो चुके हैं. बावजूद इसके आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा इस संबंध में कोई ठोस योजना बनाकर अवैध शराब विक्रय रोकने की पहल नहीं की गई है.

नरयावली विधायक श्री लारिया द्वारा अवैध शराब विक्रय को लेकर लगाए गए सवाल के जबाव में उपमुख्यमंत्री, वाणिज्य कर जगदीश देवड़ा ने जबाव दिया कि अवैध शराब विक्रय को लेकर कार्रवाई निरंतर जारी है. पिछले एक वर्ष के दौरान नरयावली विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय और निर्माण संबंधी कुल 194 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं. कायम प्रकरणों में से 180 प्रकरणों में अपराधियों को न्यायालय द्वारा अर्थदंड से दंडित किया गया है. वहीं दो माह में 40 न्यायालयीन प्रकरण कायम किए गए हैं.



## मयूरी रेस्टोरेंट सील

**सागर.** संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार प्रतीक रजक एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती प्रीति राय द्वारा कार्यवाही करते हुए दीनदयाल चौराहा बस स्टैंड स्थित मयूरी राजस्थान मिष्ठान भंडार पर अनियमितताएं पाए जाने पर शासकीय प्रभाव से सील की गई. श्री सिंह ने बताया कि संयुक्त दल के द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित मयूरी राजस्थान स्वीट्स पर कार्रवाई के दौरान अनेक अनियमितताएं सामने आईं, जिसके आधार पर प्रतिष्ठान को सील करने की कार्यवाही की गई.

# घटिया गुणवत्ता वाली मूंग गोदाम में डंप

## वेयर हाउस संचालक ने सहकारी समिति पर लगाया आरोप, जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अगस्त. गौरझामर के ग्राम बेरखेरी स्थित श्री बूठे वेयर हाउस के संचालक समर्पित जैन ने सहकारी समिति चरगुंवा तथा सर्वे निरीक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा है कि समिति द्वारा उपजाई गई अस्वीकृत और निम्न गुणवत्ता वाली मूंग को वेयरहाउस द्वारा मना करने के बावजूद जबरन दबाव बनाकर भंडारण में रखवाया गया.**

इस पूरे मामले को लेकर श्री जैन ने लिखित आपत्ति भी दर्ज कराई है और चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उस खराब गुणवत्ता की मूंग को भंडारण से नहीं हटाया गया, तो वह उस भंडारण को पूरी तरह अस्वीकार कर देंगे. मिली जानकारी के अनुसार वेयर हाउस संचालक द्वारा पहले ही सहकारी समिति को सूचित किया गया था कि उनके द्वारा लाई गई मूंग नियमित मानकों के अनुसार नहीं है और उसे भंडारण में न रखा जाए. लेकिन इसके बावजूद समिति द्वारा दबाव बनाकर उस मूंग को वेयरहाउस के भंडार कक्ष में रखवाया गया. समर्पित जैन ने 16 जुलाई को पत्र के माध्यम से सहकारी समिति चरगुंवा एवं सर्वे निरीक्षक को एक लिखित पत्र भेजकर सूचित किया था कि गैर मानक मूंग को वेयरहाउस द्वारा अस्वीकार किया गया है, बावजूद उस मूंग को भंडारण में रखा गया, जो कि नियमों का उल्लंघन है.

श्री जैन ने कहा कि कृषि उपज की भंडारण प्रक्रिया में नियमों की खुली अवहेलना की गई है, निर्धारित गुणवत्ता के मानदंडों पर खरे न उतरने के बावजूद, उपज को भंडारण में स्वीकार किया जाना न केवल सरकारी नीतियों के विरुद्ध है, बल्कि इससे आगे चलकर किसानों और शासन दोनों को भारी नुकसान हो सकता है. श्री जैन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उस मूंग की खराब बोरियाँ हटाई नहीं गईं, तो वे पूरा भंडारण अस्वीकार कर देंगे, उन्होंने कहा कि इस लापरवाही और जबरदस्ती के लिए वेयरहाउस उत्तरदायी नहीं होगा. श्री जैन ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए. इस मामले श्री जैन का कहना है कि यदि वेयरहाउस की अनदेखी कर जबरन निम्न गुणवत्ता की उपज रखवाई जाएगी, तो आगे चलकर इससे बड़ी हानि हो सकती है, प्रशासन को चाहिए कि समय रहते हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें.

## एक नजर में



### मूक-बधिर शाला में छेड़छाड़, सौंपा ज्ञापन

**सागर.** अंधमूक बधिर शाला में नाबालिक बच्ची से साथ दुष्कर्म के प्रयास की हुई घटना के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ब्राह्मण समाज द्वारा ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दिनकर तिवारी ने बताया कि घटना के बाद आज दिनाक तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नही की है. अंधमूक बधिर शाला के प्रभारी प्रहलाद राय की लापरवाहियों ओर तानाशाही, लपरबाह पूर्ण रवैया के विरोध में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया. इस दौरान प्रदीप दुबे, प्रफुल्ल दुबे, राजेश पाराशर, रिशांक तिवारी, भुवनेश शर्मा, रिशांक दीक्षित, राकेश दुबे, संतोष पचौरी, अंबिका प्रसाद उपाध्याय, बलराम पाराशर, बद्री प्रसाद भारद्वाज, अजय पटेरिया, ऋषभ तिवारी, अभय दुबे आदि मौजूद थे.




### चांदपुर में कचरा गाड़ी का शुभारंभ

**रहली.** ग्राम पंचायत चाँदपुर को ओडीएफ बनाने विधायक गोपाल भार्गव द्वारा प्रदत्त कचरा गाड़ी का शुभारंभ किया गया. संभवत: क्षेत्र की यह पहली पंचायत होगी, जहाँ कचरा गाड़ी की शुरुआत हुई है, साफ-सफाई व्यवस्था अब महत्वपूर्ण है, लोग जागरूक भी हो गये हैं, बडी पंचायते को भी आगे इस योजना का अनुशरण करते हुए स्वच्छ-सुंदर बनाने का प्रयास करना चाहिए.



### वन स्टॉप सेंटर जागरुकता कार्यक्रम

**सागर.** परियोजना सागर शहरी 2 के आंगनवाड़ी केंद्र विवेकानंद वार्ड में विश्व स्तनपान सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें वार्ड पार्षद डॉ. याकृति जडिया, पर्यवेक्षक संध्या दांडी, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रक्षा दुबे एवं वन स्टॉप सेंटर के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा. वार्ड पार्षद याकृति जड़िया द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई एवं सभी महिलाओं को शासन द्वारा संचालित महिला केंद्रित योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं सभी को आवश्यक दस्तावेज बनवाने के लिये कहा गया.



### मनेसिया स्कूल में रुद्र अभिषेक संपन्न

**सागर.** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था सागर चेप्टर द्वारा ग्राम मनेशिया स्थित विचार संस्कार विद्यालय में रूद्राभिषेक का आयोजन हुआ. यह आयोजन बैंगलोर आश्रम से पधारे ऋषि देवदूत जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. उनके साथ विशेष रूप से दो विद्वान इस आयोजन में सहभागी रहे. आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक कपिल मलैया ने कहा अगर आप अपने भीतर की ऊर्जा को जागृत करना चाहते हैं तो ध्यान, प्राणायाम, सत्संग और वैदिक विधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं. इस अवसर पर प्रशिक्षक संकल्प मलैया, सुनीता अरिहंत, साक्षी दांगी, खूशबू चढ़ार, रागिनी राय आदि उपस्थित थे.

### श्रीमती विमला जैन का निधन



**बांदरी.** चौधरी नेमचंद जैन की धर्मपत्नी व अखिलेश जैन, निखलेश जैन की मां श्रीमती विमला जैन का मंगलवार को देहावसान हो गया. वे बहुत ही विनम्र और धार्मिक स्वभाव की थीं. मुक्तिधाम मे उनका अंतिम संस्कार किया गया. अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि दी व शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की.

# त्रिदिवसीय शिवलिंग निर्माण



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 5 अगस्त. ग्राम निवोदिया में तीन दिवसीय असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण हुआ.**

कार्यक्रम के आयोजक जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उर्मिला शैलेंद्र श्रीवास्तव थे. धार्मिक कार्यक्रम में आसपास गांव के श्रद्धालु शामिल होकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर रुद्राभिषेक, हवन और भगवान शिव का अभिषेक किया. पार्थिव शिवलिंग निर्माण समापन पर भंडारा, कन्या पूजन, भजन संध्या हुई. इस मौके पर अरविंद सिंह राजपूत, सुरेश सिंह जाट, रामशरण राय, आयुष श्रीवास्तव आदि मौजूद थे.

# ड्रोन व उन्नत तकनीक से युद्ध का स्वरूप बदला

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अगस्त. सिरोंजा स्थित बीटीआईआरटी में ऑपरेशन सिंदूर विषय पर आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन हुआ.**

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मेजर जनरल के.टी.जी. कृष्णन ने राष्ट्रभक्ति, समर्पण, और सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने अनुभव साझा किए. मुख्य अतिथि संस्था चेयरमैन संतोष जैन घड़ी एवं समूह सचिव डॉ. सत्येन्द्र कुमार जैन उपस्थित रहे. अध्यक्षता बीटीआईआरटी संस्थान के प्राचार्य डॉ. वीरेश कुमार फुसकेले ने की.




सेमिनार में इंजीनियरिंग छात्रों को बताया गया कि कैसे ड्रोन और अन्य उन्नत तकनीकों ने आधुनिक युद्ध के स्वरूप को बदला है, और अब तकनीक सिर्फ प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में भी निर्णायक भूमिका निभा रही है. छात्रों ने भारत के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया और तकनीकी क्षेत्र में राष्ट्र के लिए काम करने का संकल्प लिया. मेजर जनरल कृष्णन एवं सैन्य अधिकारियों को संस्था प्रमुख चेयरमैन संतोष जैन घड़ी द्वारा सम्मानित किया. संचालन देवग्य मुखर्जी ने किया.

## छात्रा के साथ दुष्कर्म

**सागर.** एक प्राइवेट कॉलेज की 17 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. आरोपी युवक उसे घुमाने के बहाने कार से बाहर ले गया और होटल में ले जाकर जबरदस्ती गलत काम किया. पीड़िता के शिकायत करने पर पुलिस ने आरोपी राम के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीना क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय छात्रा जिसकी दोस्ती के जरिए राम नाम के युवक से मुलाकात हुई। आपसी पहचान बढ़ी और दोस्ती हो गई.

# मुनि संघ के सानिध्य में होगा समोशरण विधान

नवभारत न्यूज

**सागर 5 अगस्त. मुनिश्री विमल सागर महाराज मुनिश्री अनंत सागर महाराज के सानिध्य में 720 मंडली समोशरण विधान का आयोजन में 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक होगा.**

मुकेश जैन ढाना ने बताया कि मुख्य पंडाल में समोशरण विधान में चार खंड निर्धारित किए गए हैं. एक खंड में 180 समोशरण बनाए जाएंगे प्रत्येक समोशरण के लिए न्यौछावर राशि फिक्स की गई है समोशरण में सौधर्म इन्द्र, शचि रानी बनकर श्रावक पूजन अर्चन करेंगे. इसके लिए 63 हजार, 54 हजार, 45 हजार और 27 हजार रुपए की राशि में समोशरण मंडल फिक्स किए गए है, समोशरण विधान में पहले धनराशि जमा करें और अपना नाम दर्ज कराए पहले 2 दिन में 100 से अधिक लोगों की राशि जमा हो गई है, विधान स्थल का चयन कर शीघ्र घोषित कर दिया जाएगा.



बाहुबली कालोनी में बैठक का आयोजन मुनिश्री विमल सागर महाराज के सानिध्य में किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया. सागर नगर के सभी जैन मंदिरों के अलावा सागर जिले की कस्बों से भी जो श्रावक पात्र बनना चाहते हैं उन्हें भी यह अवसर प्रदान किया जाएगा विधान में 725 श्रीजी की प्रतिमाओं का पूजन, अभिषेक, शांतिधारा, प्रच्छाल लगातार 8 दिन होगा.

## नपा प्रशासक नियुक्त



**ललितपुर.** एसडीएम सदर मनीष विश्वकर्मा को नगर पालिका परिषद का प्रशासक नियुक्त किया गया है. नपा प्रशासक के रूप में कार्यभार ग्रहण करते हुये मनीष कुमार ने सभी कर्मियों को शासन की मंशा अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया. गौरतलब है कि नपाध्यक्षा श्रीमती सरला जैन के निधन उपरांत खाली चल रहे अध्यक्ष पद खाली था. इस कारण नगर पालिका परिषद का कार्य आंशिक रूप से प्रभावित हो रहा था. एसडीएम सदर को नगर पालिका का प्रशासक नियुक्त किया गया है.

# एनसीसी छात्राओं ने लगाए पौधे




नवभारत न्यूज

**सागर 5 अगस्त. सांदीपनी विद्यालय की जूनियर गर्ल्स कैडेट्स ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया.**

शाला की एन.सी.सी. प्रभारी स्मिता मिश्रा ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में शाला उप प्राचार्य डॉ. वंदना खरे, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार पांडेय, मंजूलता जैन, निर्मला उदैनिया एवं शिक्षिका आरती गौतम सहित विद्यालय के कई शिक्षक एवं बड़ी संख्या में एन.सी.सी. कैडेट्स उपस्थित रहे.




# विरोध के चलते कचरा गाड़ी को गांव से वापस लौटना पड़ा

नवभारत न्यूज

**बीना 5 अगस्त. शहर की अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है. कुरुवा गांव में ग्रामीणों के कड़े विरोध के चलते नगर पालिका की कचरा गाड़ियां खाली हाथ लौट आई.**

ग्रामीणों ने कचरा गाड़ियों को गांव में घुसने से रोक दिया, जिससे पुलिस की मौजूदगी में भी नगर पालिका कर्मचारी कचरा डंप नहीं कर पाए. दरअसल बीना नगर का कचरा लंबे समय से कुरुवा स्थित वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन पर डाला जा रहा था, लेकिन कचरे का नियमित उठाव और सफाई नहीं होने से गांव में गंदगी और बदबू का अंबार लग गया था.

इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने कई बार विरोध किया था. अस्थायी व्यवस्था भी हुई फेल ग्रामीणों के लगातार विरोध के बाद नपा ने करीब 20 दिन पहले सब्जी मंडी के पास एक जगह पर अस्थायी रूप से कचरा इकट्ठा करना शुरू किया था, लेकिन वहां से भी कचरा नियमित रूप से नहीं उठाया गया, जिसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने इसका विरोध किया और नगर पालिका को वह जगह छोड़नी पड़ी. नगर पालिका ने दोबारा कुरुवा के वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन पर कचरा डंप करने का फैसला किया. सफाई प्रभारी मुकेश तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों के विरोध के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा और अभी यह तय नहीं है कि अब कचरा कहां डंप किया जाएगा.



## ज्ञापन सौंपा

**ललितपुर.** शहर में वायरल एक ऑडियो क्लिप ने पूरे शहर में तहलका मचा रखा है. युवा ब्राह्मण महामण्डल ने बसपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रहे रईस राजपूत पर ब्राह्मण समाज के विरूद्ध की गयी अर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर सख्त कार्यवाही की मांग करते हुये कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया. ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री राजपूत द्वारा सार्वजनिक रूप से ब्राह्मण समाज की मातृ-शक्ति के विरुद्ध अत्यंत अमर्यादित, अपमानजनक एवं भड़काऊ भाषा का प्रयोग किया है. इस दौरान प्रतीश तिवारी एड. प्रदीप मिश्रा, रामदास श्रोतीय, मनमोहन चौबे, एड.अभय मिश्रा, शुभम पस्तोर, डा.दीपक पस्तोर, दीपेश उपाध्याय, नीलेश तिवारी, राहुल चौबे, अंशुल टोंटे, कृष्ण शर्मा, विकास झा मौजूद रहे.

# खेजराधाम में लगा रहा भक्तों का तांता

नवभारत न्यूज

**बांदरी 5 अगस्त. सावन के आखिरी सोमवार को खेजराधाम के महाकाल के दरबार में श्रद्धालु भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने पाली व मेहर के ऐतिहासिक शिवमंदिरों में भी श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे.**

महेश तिवारी ने बताया कि सावन का महीना भगवान शिव का प्रिय रहता है. सावन के सोमवार को भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना का विशेष फल मिलता है. खेजरा महाकालेश्वर मंदिर में सबसे पहले भगवान को जल, दूध, फलों के रस से स्नान कराया गया, इसके बाद भांग, सूखे मेवे, चंदन आदि से भगवान का श्रृंगार हुआ. शिवालयों में श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा, इस दौरान शिवभक्तों ने शिवजी की विशेष पूजा-अर्चना की.





भक्तों ने आक-धतूरा, बिल्व-पत्र, दूध, दही, जल आदि से अभिषेक किया. मंदिर के पुजारी हिमांशु तिवारी ने बताया कि यहां सात साल में आए 108 पुष्य नक्षत्रों में उज्जैन महाकाल के हुबहु मंदिर का निर्माण श्रमदान से कराया गया. शिवलिंग, प्रवेश-निकास सब कुछ दिशा और डिजाइन में महाकाल मंदिर की तर्ज पर तैयार किया गया है. खेजरादुगाहा में हूबहू महाकाल मंदिर बनाने के पीछे की वजह बताते हुए वे कहते हैं कि बुंदेलखंड क्षेत्र में गरीब तबके के ज्यादातर लोग ऐसे हैं जो भगवान महाकाल के दर्शन नहीं कर पाते हैं. ऐसे भक्तों के लिए भगवान महाकाल की प्रतिकृति की स्थापना की गई है ताकि भक्त यहां आकर भगवान महाकाल के दर्शन कर सकें, दर्शन के दौरान उन्हें अहसास हो की वह उज्जैन में ही भगवान महाकाल के दर्शन कर रहे हैं. प्राचीन हिंगलाज देवी मंदिर में सावन सोमवार पर बारह ज्योर्तिलिंग मंदिर में विशेष पूजन अभिषेक किया गया. नदी किनारे स्थित शिवालयों में भी अभिषेक करवाया गया है. शिवालयों मे जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक कर शिव भक्तों ने विशेष पूजा अर्चना की.

## सीमा लोधी का निधन

**बंडा.** रिटा.शिक्षाधिकारी बीएल लोधी की बहु सीमा लोधी का आकस्मिक निधन हो गया. जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम कालेज के बाजू में किया गया. सीमा लोधी के पति प्रताप लोधी का निधन 30 जुलाई को हो गया था जिनके सदमें से अभी पूरा परिवार उबर भी नहीं पाया था कि पति के वियोग में पत्नी ने भी जीवन लीला समाप्त कर ली.


## शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बंडा

**विज्ञापन** दिनांक: 05.08.2025

शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बंडा में दिनांक 11.08.2025 तक कार्यालयीन समय में निम्नलिखित कार्यों हेतु महिला आवेदकों के आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

(1.) सहायिका: संख्या 01 (2.) चौकीदार: संख्या 01

इच्छुक महिला आवेदक दिनांक 11.08.2025 तक दोपहर 12 बजे तक छात्रावास कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।

नोट: उक्त पद पूर्णत: अस्थाई हैं एवं उक्त कार्यों हेतु लगाए जाने वाले आवेदकों को कार्य कुशलता के अभाव में कभी भी हटाया जा सकता है।

वॉर्डन
शा.कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बंडा जिला सागर

प्राचार्य
शा.कस्तूरबा गांधी
बालिका छात्रावास बंडा जिला सागर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा जिला - सागर (म.प्र.)

क्रमांक: 801/ PWD /2025-26 // निविदा सूचना // गढ़ाकोटा दिनांक 05.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्दीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत वेबसाइट website http://mpetender.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | निविदा लागत | EMD | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | 6. |
| 1. | 2025_UAD_442065_1 | Construction Of Rcc Drain New 5 Ward At Garhakota | 73,68,048/- | 55,260/- | 10,000/- | 05 Sep 2025 | 12 Months |
| 2. | 2025_UAD_441833_1 | Purchase Of 2 Diesel Generator Set Garhakota | 12,83,500/- | 9,626/- | 2,000/- | 05 Sep 2025 | 6 Months |
| 3. | 2025_UAD_441831_1 | Repairing Work Of Fire Bragrade At Garhakota | 5,31,000/- | 5,130/- | 2,000/- | 21 Aug 2025 | 6 Months |
| 4. | 2025_UAD_442110_1 | Inviting Rates For Snacks (Swalpahar) Supply Ofr Finacial Year 2025-26 Garhakota | 9,90,000/- | 9,900/- | 2,000/- | 21 Aug 2025 | 6 Months |
| 5. | 2025_UAD_441830_1 | Inviting Rates For Construction Material Supply Ofr Finacial Year 2025-26 Garhakota | 20,00,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5 Sep 2025 | 6 Months |
| 6. | 2025_UAD_442234_1 | Inviting Rates For Supply Of Different Type Plants Year 2025-26 Garhakota | 9,90,000/- | 9,900/- | 2,000/- | 22 Aug 2025 | 6 Months |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन website http://mpetender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा